हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

11 प्रभु श्रीराम का वनवास देख छलक उठीं श्रद्धालुओं...



12 हैफेड से किसानों ने फेरा मुंह, व्यापारियों...



खबर संक्षेप

नए राशन डिपो के लिए आवेदन 10 नवम्बर तक

नारनौल। राज्य भर में 2651 रिक्त उचित मूल्य की दुकानों के डिपो लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक सावित्री बाई ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में 188 नए राशन डिपो आवंटित किए जाएंगे। डिपो लाइसेंस के कुल आवंटन में 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं के लिए आरक्षित रखा गया है। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 10 अक्टूबर से शुरू हो चुकी है तथा अंतिम तिथि 10 नवंबर तय की गई है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी अंत्योदय सरल पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। रिक्त डिपुओं का जिलावार व गांववार ब्योरा एवं शर्तें खाद्य एवं पूर्ति विभाग की वेबसाइट हरियाणाफूड डॉट जीओवी डॉट इन तथा जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

रास्ते के विवाद को लेकर मां-बेटे पर हमला

कनीना। कस्बे के वार्ड नंबर तीन में गली के रास्ते पर अवैध कब्जे का विरोध करने पर कुछ लोगों ने एक युवक और उसकी मां पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर तीन के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित दीपक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया वह अपने घर से बाहर निकला, तब उसके चाचा रामदास, बेटा मोहित और पत्नी कैलाश देवी घर के मुख्य रास्ते वाली गली पर अवैध कब्जा कर रहे थे। दीपक ने विरोध किया, तो तीनों ने उस पर हमला बोल दिया। शोर सुनकर जब उसकी मां राजबाला देवी बीच-बचाव करने पहुंची, तो उनके साथ भी मारपीट की। हमले में राजबाला का पैर टूट गया और दीपक के सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं।

अवैध देसी पिस्टल के साथ युवक काबू

नारनौल। सीआईए ने गांव धनौंदा में एक युवक को काबू कर उसके घर से एक देसी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और एक अतिरिक्त मैगजीन बरामद की है। युवक की पहचान कृष्ण निवासी धनौंदा के रूप में हुई है। डीएसपी डॉ. कविता ने बताया कि 12 अक्टूबर को सीआईए गश्त के दौरान अड्डा धनौंदा पर मौजूद थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि कृष्ण अपने पास अवैध हथियार रखता है और इस समय अपने मकान पर मौजूद है। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश देकर युवक को काबू किया। उसने अपने मकान में रखे बेड से एक पिस्टल निकालकर पुलिस टीम को दी। जांच करने पर पिस्टल में एक मैगजीन लगी मिली तथा एक अतिरिक्त मैगजीन अलग से बरामद हुई। पुलिस ने देसी पिस्टल, दोनों जिंदा कारतूस और अतिरिक्त मैगजीन को नियमानुसार कब्जे में ले लिया। इस संबंध में थाना शहर कनीना में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

12 साल में तीसरा सबसे कमजोर सीजन

हरियाणा में 25 प्रतिशत और महेंद्रगढ़ जिले में 21 प्रतिशत कम बारिश ने बढ़ाई परेशानी

अल-नीनो की मार: चिंता की चादर में सिमटे किसान, रबी फसल पर संकट

नितेश कुमार ▶▶| नारनौल

हरियाणा-एनसीआर-दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों से मानसून की विदाई हो चुकी है। दक्षिण-पश्चिम मानसून राजस्थान के अधिकांश हिस्सों से भी वापस लौट चुका है। हरियाणा में भी मानसून की विधिवत विदाई के साथ इस वर्ष के मानसूनी सीजन का समापन हो गया है। इस बार मानसून का प्रदर्शन कमजोर रहा। हरियाणा में पूरे मानसून सीजन के दौरान 322.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि सामान्य तौर पर इस अवधि में 430.7 मिलीमीटर बारिश होती है।

अलग खबर



नारनौल। सरसों बिजाई के लिए खेत में पलेव करते हुए। फोटो: हरिभूमि

इस तरह राज्य में सामान्य से करीब 25 प्रतिशत कम बारिश हुई। वहीं अगर बात करें महेंद्रगढ़ जिले की, तो मानसून सीजन में करीब 323 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य 410 मिमी के मुकाबले लगभग 21 प्रतिशत कम रही। सितंबर में कम बारिश के कारण सीजन की कमी और बढ़ गई। फिलहाल किसान सरसों बिजाई के लिए खेतों का पलेव करने में जुटे हुए है। जिला पलवल को छोड़कर हरियाणा के सभी जिलों में बारिश सामान्य से नीचे रही। विशेषज्ञों के अनुसार इस बार अल-नीनो परिस्थितियों का प्रभाव मानसूनी गतिविधियों पर साफ दिखाई दिया। मानसून की शुरूआत से लेकर वापसी तक बारिश का वितरण नियमित नहीं रहा और पूरे सीजन में मानसून की गतिविधियों में उतार-चढ़ाव बना रहा। प्रदेश में पिछले 12 वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें, तो वर्ष 2026 का 317.5 एमएम मानसून 2014 के 200.1 और 2019 के 255.0 मिमी के बाद सबसे कम रहा। वहीं 2021 में 571.5 मिमी और 2025 में 568.0 मिमी बारिश हुई थी।

बारिश की स्थिति

वर्ष	मानसून बारिश
2014	200.1 मिमी
2015	287.7 मिमी
2016	335.5 मिमी
2017	343.9 मिमी
2018	415.2 मिमी
2019	255.0 मिमी
2020	376.1 मिमी
2021	571.5 मिमी
2022	465.8 मिमी
2023	419.7 मिमी
2024	405.5 मिमी
2025	568.0 मिमी
2026	322.5 मिमी

कमजोर मानसून का असर खरीफ से रबी तक

हरियाणा-एनसीआर-दिल्ली की अर्थव्यवस्था में मानसून की भूमिका महत्वपूर्ण है। कमजोर बारिश का असर केवल खरीफ फसलों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका प्रभाव आगामी रबी सीजन पर भी पड़ सकता है। बारिश की कमी से किसानों को सिंचाई के लिए ट्यूबवेल और डीजल पंप पर अधिक निर्भर रहना पड़ता है, जिससे खेती की लागत बढ़ती है। पर्याप्त बारिश नहीं होने से मिट्टी की नमी, भूजल रिचार्ज और जलाशयों के जलस्तर पर भी असर पड़ता है। इसका सीधा प्रभाव गेहूं, सरसों और चने जैसी रबी फसलों की बुआई पर पड़ सकता है। मिट्टी में पर्याप्त शुरूआती नमी नहीं होने पर किसानों को बुआई और शुरूआती सिंचाई के लिए अतिरिक्त संसाधनों का इस्तेमाल करना पड़ सकता है। वहीं कमजोर मानसून के कारण ग्रामीण मांग और खरीफ उत्पादन प्रभावित होने की स्थिति में ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ सकता है।

क्या कहते हैं मौसम विशेषज्ञ

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र मोहन ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। इस मौसम प्रणाली के असर से अगले दो-दिन छिट-पुट बूंदाबांदी व हल्की बारिश की गतिविधियों की सम्भावना है। इसके बाद आगामी दिनों में अधिकतर स्थानों पर दिन व रात के तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी।

डीएपी के 1000 बैग दो दिन में चट, सुबह 8:30 बजे से शाम 6:45 बजे तक चला वितरण

दूसरे दिन भी पुलिस के साये में बंटी खाद, कई किसान लौटे खाली हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सरसों की बिजाई के लिए डीएपी खाद की जरूरत किसानों को सुबह से शाम तक कतारों में खड़े रहने को मजबूर कर रही है। नारनौल के रेलवे रोड स्थित अनाज मंडी के कोऑपरेटिव सोसायटी कार्यालय पर मंगलवार को दूसरे दिन भी खाद के लिए किसानों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह छह बजे से पहले ही किसान कार्यालय पहुंचने लगे और देर शाम तक कतारें नहीं टूटीं। पुरुषों के साथ महिलाएं भी घंटों लाइन में खड़ी रहीं। कर्मचारी भी कई घंटे भूखे-प्यासे खाद वितरण में जुटे रहे। शाम पौने सात बजे एक हजार बैग का पूरा स्टॉक समाप्त हुआ, तब जाकर कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। इसके बावजूद कई किसान डीएपी से वंचित रह गए।

सोसायटी कार्यालय पर रविवार शाम एक हजार बैग डीएपी लेकर ट्राला पहुंचा था। खाद आने की सूचना मिलते ही किसानों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। सोमवार को पहले दिन 443 बैग वितरित किए गए, जबकि मंगलवार को शेष 557 बैग भी बांट दिए गए। इस तरह दो दिनों में पूरा स्टॉक समाप्त हो गया, लेकिन खाद की मांग के मुकाबले उपलब्धता कम पड़ गई। अब वंचित किसानों को अगली खेप का इंतजार है।



नारनौल। कार्यालय के बाद खड़े खाद लेने आए किसान। फोटो : हरिभूमि



39 नारनौल। पुलिस के पहरे में खाद वितरित करता कर्मचारी प्रदीप। फोटो : हरिभूमि

टोकन वालों को प्राथमिकता

कर्मचारियों ने मंगलवार को सबसे पहले उन किसानों को खाद दिया, जिन्हें सोमवार को टोकन मिल चुका था, लेकिन स्टॉक समाप्त होने के कारण खाद नहीं मिल पाया था। इसके बाद मंगलवार को कतार में लगे किसानों को टोकन देकर खाद वितरित किया गया। कृषि अधिकारी डॉ. हरपाल, क्वालिटी कंट्रोल इंस्पेक्टर संजय यादव, धनपत, सोसायटी कर्मचारी प्रदीप निर्मल और अन्य कर्मचारियों ने मिलकर जिम्मेदारी संभाली। कोई पीओएस मशीन से बिल बना रहा था तो कोई नकदी संभालने और गोदाम से खाद उठवाने में जुटा था। एक किसान को अधिकतम तीन बैग देने का नियम रहा। कम जमीन वाले कुछ किसानों ने जरूरत के अनुसार एक या दो बैग भी खरीदे। डीएपी के एक बैग का वजन 50 किलोग्राम और कीमत 1,350 रुपये है। सरकार की ओर से इस पर सब्सिडी भी दी जाती है।

समय के बाद भी वितरण

कृषि अधिकारी डॉ. हरपाल ने बताया कि कार्यालय का निर्धारित समय शाम पांच बजे तक था, लेकिन उस समय तक कतार में लगे सभी किसानों को खाद नहीं मिल पाया था। इसलिए वितरण शाम पौने सात बजे तक जारी रखा गया। उन्होंने बताया कि किसान अक्टूबर महीने में सरसों की बिजाई कर सकते हैं। इसके लिए अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से कम रहना बेहतर है। तापमान अधिक होने पर सरसों की फसल के पनपने में परेशानी हो सकती है। किसानों को तापमान और खेतों में नमी की स्थिति को ध्यान में रखकर बिजाई करनी चाहिए। बता दें कि दो दिनों में एक हजार बैग डीएपी का स्टॉक समाप्त होने के बाद भी किसानों की मांग पूरी नहीं हो सकी। सरसों की बिजाई के अहम समय में खाद की सीमित उपलब्धता के चलते वंचित किसानों की निगाहें अब अगली खेप पर टिकी हैं।

आरोप: जबरन दे रहे एनपीके

किसानों का आरोप डीएपी के साथ जा रहा दबाव

नांगल चौधरी। रबी सीजन की बिजाई की तैयारियों के बीच किसानों को खाद की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। खेतों की जुताई और पलाव पर हजारों रुपये खर्च करने के बाद अब किसान डीएपी खाद के लिए सहकारी समितियों और निजी खाद विक्रेताओं के चक्कर काट रहे हैं। किसानों का आरोप है कि डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने के कारण उन्हें जरूरत के साथ अतिरिक्त एनपीके खाद खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इससे खेती की लागत बढ़ रही है और किसानों की परेशानी भी बढ़ गई है। किसान मनोज कुमार, दरियाव आर्य, जसराम और दयानंद ने बताया कि प्रति एकड़ खेत की पलाव पर चार से पांच हजार रुपये तक खर्च हो चुके हैं। जुताई सहित अन्य तैयारियां पूरी कर खेतों को बिजाई के लायक बना दिया है।

39 लाख चोरी मामले में व्यापारी पहुंचे एसपी कार्यालय, सौंपा ज्ञापन

नारनौल। हरियाणा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संदीप नूनीवाला एवं शहरी अध्यक्ष विनोद सोनी के नेतृत्व में व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल एसपी कार्यालय पहुंचा। उन्होंने पुलिस उप अधीक्षक डॉ. कविता को 39 लाख रुपये के चोरी के मामले में ज्ञापन सौंपकर फरार आरोपित की गिरफ्तारी तथा चोरी गए माल की बरामदगी की मांग की। व्यापारी हिमांशु अग्रवाल की कंपनी आरपी इलेक्ट्रिटक से तांबे की रिले चोरी हो गई थी। इस संबंध में सिटी थाना में एफआईआर आठ अक्टूबर को दर्ज की गई है। पीड़ित ने दो आरोपितों के नाम बताए थे। एक गिरफ्तार हो चुका है। इस मौके पर जिला संरक्षक सरदार गुरमेल सिंह, जिला महासचिव जगमोहन गर्ग, जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल कश्मीर, तुलसी गोयल, तेजप्रकाश यादव, खाद्यान्न व्यापार मंडल के प्रधान रामजीलाल मित्तल, जिला उपाध्यक्ष जयसिंह सैनी, जिला प्रवक्ता बद्रीप्रसाद गर्ग, मोहित जिंदल, आनंद गुप्ता, जिला जीएसटी सलाहकार ब्रह्मदत्त, पुस्तक विक्रेता संघ प्रधान एवं उपाध्यक्ष नरेश गोगिया, जिला सहकोषाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, शहरी उपाध्यक्ष प्रदीप, महेश भालोठिया, जिला सचिव रवि गर्ग, मोनू भाटा, अशोक कंछल, मनोज वालिया,पीड़ित हिमांशु, गोपाल, पवन अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, नैंसी, मनीष अग्रवाल, विभु अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य मंत्री के प्रयासों से पेयजल संकट दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

क्षेत्र के गांव पोता के ढाणी मोहल्ले में चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान होने पर ग्रामीणों ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार व्यक्त किया है। पोता के ढाणी मोहल्लावासियों ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से मिलकर क्षेत्र में व्याप्त पेयजल किल्लत से अवगत कराया था। ग्रामीणों की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने तुरंत जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रदीप यादव को निर्देश दिए थे कि वे तत्काल मौके पर पहुंचकर समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करें। मंत्री के आदेशों का पालन करते हुए अगले ही दिन एक्सईएन प्रदीप यादव ने विभागीय टीम के साथ गांव का दौरा किया और ग्रामीणों से बातचीत की। उन्होंने ग्रामीणों को जलघर स्थित नलकूप से मोहल्ले तक नई डीआई पाइप लाइन बिछाकर पानी की आपूर्ति बहाल कर दी। जैसे ही मोहल्ले में मीठे पानी की सप्लाई चालू हुई, ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री हनुमान सिंह यादव, पंच सुभाष पंच, लोकेश, रणवीर, गजराज, रामसिंह यादव, बिजेंदर, बबलू यादव, राजेश प्रधान, संतलाल, रवि प्रकाश, संजीव, विजयपाल, शीशपाल, चंद्रपाल, मनदीप, संदीप शर्मा उपस्थित थे।



थाने में ठगी की शिकायत देने जा रहे युवक पर लाठी और डंडों से हमला

■ दादी के साथ हुई थी 20 हजार रुपये की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

सदर पुलिस थाना अंतर्गत गांव गुढ़ा निवासी एक युवक अपनी बुजुर्ग दादी के साथ हुई कथित ठगी की शिकायत पुलिस को देने जा रहा था, तो उसका रास्ता रोककर लाठी, डंडों से हमला करने और नकदी लूटने के प्रकरण में पुलिस ने नौ व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि गुढ़ा निवासी पीड़ित बबलू ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसकी 65 वर्षीय दादी केला देवी के साथ धीरज नामक युवक ने 20,000 रुपये की ठगी की थी। इस संबंध में वे 20 सितंबर को सदर पुलिस थाना में दरखास्त देने पहुंचे थे। वहां आरोपित पक्ष के लोगों ने कथित तौर पर उन पर राजीनामा करने का दबाव बनाया, जिससे घबराकर उसकी दादी की तबीयत बिगड़ गई। बबलू अपनी दादी केला देवी को अस्पताल छोड़कर जैसे ही वापस सदर थाने की ओर लौट रहा था, तभी रास्ते में धीरज, खोटा उर्फ रूपेश, भालिया उर्फ पवन, संजय, जगदीश, छिनीया उर्फ धर्मपाल, शिव कुमार और बल्लू उर्फ नरेन्द्र ने उसे जबरन रोक लिया और उस पर लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। आरोपियों ने उसकी जेब में रखे जरूरी कागजात और लगभग दो हजार रुपये भी निकाल लिए। घायल अवस्था में बबलू को उन नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत के चलते प्राथमिक उपचार कर उसे पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया गया। कनीना सिटी थाना इंचार्ज पंकज कुमार ने बताया कि अस्पताल से प्राप्त मेडिकल रिपोर्ट, ई-साक्ष्य और शिकायत के आधार पर उपरोक्त सभी नौ आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

कांटी में जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

मंडी अटेली। अटेली क्षेत्र के गांव कांटी में जहरीला पदार्थ खाने से 43 वर्षीय युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार कांटी निवासी भूपेंद्र ने मंगलवार सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया था। कुछ समय बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। हालत खराब होने पर परिजन उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अटेली लेकर पहुंचे। वहां मौजूद चिकित्सकों ने युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए नागरिक अस्पताल नारनौल रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर नारनौल पहुंचे थे, लेकिन वहां उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलने पर अटेली पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्रवाई की गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने की प्रक्रिया पूरी कर मंगलवार सायं को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

एचएसईबी वर्कर्स यूनियन ने की बैठक, अनुबंधित कर्मचारियों ने भी किया प्रदर्शन

500 रुपये रिस्क अलाउंस से बिजली कर्मचारियों में नाराजगी

5000 रुपये मासिक देने की उठाई मांग कहा- जान जोखिम में डालकर काम करते हैं कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बिजली कर्मचारियों को 500 रुपये रिस्क अलाउंस देने की घोषणा से कर्मचारियों में नाराजगी है। एचएसईबी वर्कर्स यूनियन केंद्रीय परिषद भिवानी की नारनौल सर्कल इकाई की बैठक में कर्मचारियों ने रिस्क अलाउंस बढ़ाकर 5000 रुपये प्रतिमाह करने की मांग उठाई। बैठक की अध्यक्षता सर्कल प्रधान सत्यवान यादव ने की। इसमें केंद्रीय परिषद के सह सचिव सुभाष रोहिल्ला भी मौजूद रहे। यूनिट प्रधान सत्य प्रकाश यादव ने कहा कि बिजली कर्मचारी दिन-रात लोगों को निर्बाध बिजली उपलब्ध करवाने के लिए काम करते हैं। तेज गर्मी, बारिश और कड़ाके की सर्दी में भी उन्हें अपनी ड्यूटी निभानी पड़ती है। कई बार कर्मचारियों को 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइनों और अन्य उपकरणों के बीच काम करना पड़ता है, जिससे उनकी जान को खतरा बना रहता है। ऐसे जोखिम भरे काम को देखते हुए 500 रुपये का रिस्क अलाउंस बेहद कम है।

उपप्रधान राकेश यादव ने कहा कि 5000 रुपये फिक्स्ड अलाउंस को लेकर पहले भी पत्र जारी होने की बात सामने आई है। वहीं यूनिट सचिव प्रमोद शर्मा ने हरियाणा पुलिस के कर्मचारियों को 5000 रुपये रिस्क अलाउंस दिए जाने का हवाला देते हुए बिजली कर्मचारियों को भी इतनी ही राशि देने की मांग की। उन्होंने नर्सिंग स्टाफ को 7200 रुपये रिस्क अलाउंस मिलने का भी उल्लेख किया। यूनियन ने सरकार से मांग की कि बिजली कर्मचारियों की जोखिम भरी ड्यूटी और जिम्मेदारियों को देखते हुए उन्हें कम से कम 5000 रुपये मासिक रिस्क अलाउंस दिया जाए। बैठक में सिटी प्रधान सुरेंद्र, चंद्रजीत, नांगल चौधरी के प्रधान जितेंद्र डांगी, निजामपुर से वीरेंद्र, ललित चेयरमैन, हरीश और प्रवीण सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।




नारनौल। बैठक करते बिजली निगम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

आज कार्यकारी अभियंता कार्यालय पर जुटेंगे

नारनौल। सिटी उपमंडल में अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध, के नेतृत्व में कर्मचारियों ने मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इसमें सिटी और सब-अर्बन उपमंडल नारनौल के 68 कर्मचारियों सहित संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान उपमंडल अधिकारी के साथ करीब एक घंटे तक वार्ता हुई, लेकिन किसी भी मांग पर सहमति नहीं बन पाई। इसके बाद संगठन ने कर्मचारियों के साथ चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि बुधवार को कार्यकारी अभियंता कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें भारतीय मजदूर संघ से संबंधित विद्युत कर्मचारी संघ के पांच उपमंडलों के कर्मचारी भाग लेंगे। संगठन ने चेतावनी दी कि इसके बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को सर्कल स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा।

आईटीआई में सेवा संकल्प अभियान के तहत पौधरोपण

नारनौल। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेवा संकल्प अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और संस्थान परिसर को हरा-भरा बनाना है। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान के उप प्रधानाचार्य तिलक राज ने पौधा लगाकर की। संस्थान के युवा मामलों के जिला नोडल अधिकारी व एनसीसी प्रभारी मेजर वीरेंद्र सेकवाल ने कहा कि पौधरोपण पर्यावरण के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर संस्थान के वर्ग अनुदेशक सुनील कुमार, वर्ग अनुदेशक जगदीश, मनीषा यादव, सुदर्शन, नीरज यादव, अशोक, मनोज, प्रदीप भारद्वाज, रमेश कुमार, जॉनी यादव आदि उपस्थित रहे।



रामायण फिल्म से सामने आया जटायु का पोस्टर...

नई दिल्ली। फिल्म 'रामायण' के मेकर्स ने 'जटायु' से पर्दा उठा दिया है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। इस किरदार को फिल्म में एक खास एक्टर की आवाज मिलने वाली है। फिल्म 'रामायण' के किरदारों के बारे में एक-एक करके जानकारी सामने आ रही है। मेकर्स ने एक सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि महाकाव्य के सबसे पूजनीय पात्रों में से एक जटायु को दर्शकों के सामने पेश किया गया है। इस किरदार को अनुपम खेर ने अपनी आवाज दी है। फिल्म 'रामायण' के पोस्टर में जटायु का क्लोज-अप दिखाई देता है, जिसमें उनकी गहरी और प्रभावशाली नजर खास तौर पर ध्यान खींचती है।

लाइफ Style

हरलीन

स्किन के साथ बचपन से किया बहुत स्ट्रगल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभिनेत्री हरलीन सेठी ने ब्रोकन बट ब्यूटीफुल, कोहरा, शक: ट्रस्ट नो वन जैसे प्रोजेक्ट्स में अलग-अलग किरदार निभाए हैं। लेकिन, एक्टिंग का यह सफर उनके लिए सिर्फ किरदार निभाने तक सीमित नहीं रहा। इस दौरान उन्हें खुद को स्वीकार करना भी सीखना पड़ा।

एक्ट्रेस हरलीन सेठी ने बताया कि वह अपने गोरे-चिट्टे भाई से खुद की तुलना करती थीं। रंग को लेकर यह झिझक एक्टिंग में आने के बाद भी उनका पीछा करती रही। 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' के दौरान वह दर्शकों के कमेंट्स में भी अपनी स्किन को लेकर प्रतिक्रिया ढूंढती थीं। फिर एक वक्त ऐसा आया, जब उन्हें एहसास हुआ कि लोग उन्हें उनके रंग के लिए नहीं, उनके काम के लिए पसंद कर रहे हैं। हरलीन के मुताबिक, रंग को लेकर उनकी झिझक किसी एक व्यक्ति की कही बात से नहीं आई। वह खुद की दूसरों से तुलना करती रहीं और धीरे-धीरे यह बात उनके मन में बैठ गई। हरलीन ने कहा, 'मुझे लगता है कि ये ज्यादा सेल्फ-इनफ्लिक्टेड ही था। जब आप एक तरीके के दिखते हो और आपकी मम्मी एक अलग तरीके की दिखती हैं, तो आपको लगता है कि यार, ये कैसे है? मेरा भाई मेरी मां पर गया था। मेरा भाई भी बहुत सुंदर है। वो एकदम गोरा-चिट्टा था और मैं डस्की। तो मुझे लगता है कि ये चीज खुद से ही आई। वह बताती हैं कि बचपन से ही भाई करण के लुक्स की खूब तारीफ होती थी। 'सब उसको कहते थे कि तुम कितना सुंदर हो। हम कहीं भी जाते थे तो लोग पूछते थे कि यार, तू कब हीरो बन रहा है, तू कब एक्टर है।



हॉलीवुड मसाला



फिल्मों के साथ टीवी में कमाया नाम

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी अभिनेत्री सेल्मा ब्लेयर को रविवार को न्यूयॉर्क में गिरफ्तार किया गया है। इल्जाम है कि उन्होंने लॉस एंजिल्स से न्यूयॉर्क जा रही एक फ्लाइट में विमान परिचारिकाओं को जख्मी कर दिया। सेल्मा ब्लेयर एक अमेरिकी अभिनेत्री और लेखिका हैं। उन्होंने कई बड़ी फिल्मों में अहम किरदार निभाया है। 23 जून, 1972 को साउथफील्ड, मिशिगन में जन्मी अभिनेत्री ने क्रूएल इंटेंशन्स (1999), लीगली ब्लोन्ड (2001) और हेलबॉय (2004) में मुख्य भूमिका निभाई। यही नहीं, अभिनेत्री ने टीवी में भी बड़ा नाम कमाया है।



ब्रेकिंग बैड को दुनियाभर में दिलाई थी पहचान...

लॉस एंजिल्स। शो 'ब्रेकिंग बैड' फेम अभिनेता आरजे मिट्टे का निधन हो गया है। वह 34 साल के थे। सेरेब्रल पाल्सी नाम की बीमारी से जूझ रहे थे। मिट्टे पहली बार 2008 में शो 'ब्रेकिंग बैड' में केमिस्ट्री टीचर से ड्रग किंगपिन बने वॉल्टर व्हाइट के बेटे के रोल में दिखे थे। इस रोल ने ब्रायन क्रैंस्टन को दुनिया भर में पहचान दिलाई थी। अभिनेता के प्रतिनिधि शॉन रेली रेली ने कहा, 'सेरेब्रल पाल्सी के साथ जीने के अपने अनुभव से मिट्टे ने इस रोल में असलियत लाई। दिव्यांगता के बारे में जागरूकता और उन्हें समाज में शामिल करने के लिए एक मंच तैयार किया।' 2008 से 2013 के बीच पांच सीजन तक चली 'ब्रेकिंग बैड' को अक्सर एक क्रांतिकारी टीवी शो माना जाता है। हाल ही में इसे 21वीं सदी का सबसे बेहतरीन टीवी शो बताया था।



तमन्ना ने नवरात्रि में रखी माता की चौकी

नई दिल्ली। शारदीय नवरात्रि चल रहे हैं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया माता रानी की भक्ति में लीन हैं। उन्होंने अपने यहां माता की चौकी रखी, जहां मृणाल ठाकुर भी पहुंचीं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया नवरात्रि पर अपने यहां माता की चौकी रखती हैं। इस बार भी उन्होंने यह आयोजन किया। शारदीय नवरात्रि के पावन दिनों में तमन्ना के घर माता रानी का दरबार सजा। अभिनेत्री मां भगवती की भक्ति में लीन दिखीं और भजन पर झूमकर डांस किया। तमन्ना भाटिया के यहां माता की चौकी में चर्चित एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर भी पहुंचीं। उन्होंने भी माता रानी के भजन गाए और तमन्ना भाटिया के साथ भक्ति गीतों पर डांस किया। तमन्ना भाटिया ने माता की चौकी की कुछ झलकियां अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा की हैं।



कॉफी विद... के पहले एपिसोड में आएंगे

मुंबई। सेलिब्रिटी चैट शो 'कॉफी विद करण' का नया सीजन कल (बुधवार) से शुरू होगा। इस आखिरी सीजन के पहले एपिसोड में सलमान खान मेहमान बनकर आएंगे। एपिसोड का प्रोमो मेकर्स ने जारी किया है। इस प्रोमो वीडियो में सलमान, करण के ही मजे लेते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने करण को लेकर अपना शक भी जाहिर किया। जानिए इस प्रोमो में क्या है खास? प्रोमो के शुरुआत में करण कहते हैं कि एक बार एक समझदार आदमी ने कहा था- इट्स डन ब्रो.. तो मेरे शो के आखिरी सीजन की शुरूआत इससे बेहतर कौन ही कर सकता है? इसके बाद सलमान आए और उन्होंने करण को गेस्ट के सोफे पर बैठा दिया और खुद होस्ट के सोफे पर बैठे नजर आए। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि कॉफी विद करण के बाद अब कॉफी विद सलमान होगा।

टीवी मसाला



जिस शो ने बनाया स्टार, 20 साल बाद उसी मंच पर लौटे अभिजीत

नई दिल्ली। भारतीय टेलीविजन के म्यूजिक रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' के पहले सीजन के विजेता अभिजीत सावंत करीब दो दशक बाद एक बार फिर उसी मंच पर लौट रहे हैं, जहां से उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत हुई थी। साल 2005 में 'इंडियन आइडल' का पहला सीजन जीतकर अभिजीत ने देशभर में पहचान बनाई थी। अब वह सोनी टीवी के नए शो 'इंडियन आइडल लीजेंड्स रिटर्न' में भी नजर आएंगे। अभिजीत सावंत की वापसी से शो के सेट पर पुरानी यादें ताजा हो गईं। उनके साथ पहले सीजन में फाइनल तक पहुंचे और रनर-अप रहे अमित सना ने भी उनकी तारीफ की। अमित ने कहा कि इंडियन आइडल की पहचान बनाने में अभिजीत का बड़ा योगदान रहा है।अमित के मुताबिक, अभिजीत के बिना इंडियन आइडल की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने अभिजीत के पहले एल्बम के मशहूर गाने 'मोहब्बतें लुटाऊंगा' को भी याद किया, जो आज भी लोगों के बीच काफी फेमस है। शो के जज हिमेश रेशमिया ने भी अभिजीत की वापसी का खास अंदाज में स्वागत किया। उन्होंने म्यूजिकल एंट्री के साथ कहा कि अभिजीत की वापसी से यह शो ब्लॉकबस्टर बनेगा। हिमेश ने आगे कहा कि अभिजीत ने इंडियन आइडल के प्रति अपना कर्ज चुका दिया है और उन्होंने म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है। शो में वापसी को लेकर अभिजीत ने कहा कि इस मंच पर दोबारा आना उनके लिए एक खास पल है। सिंगर ने याद किया कि 20 साल पहले जब वह पहली बार इस मंच पर आए थे, तब उनके मन में घबराहट और उम्मीद दोनों थीं।

सोनाली ने सुनाया माइकल से जुड़ा किस्सा

मुंबई। 'कौन होनार करोड़पति' में शो की होस्ट माधुरी दीक्षित ने अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे से दिवंगत दिग्गज स्टार माइकल जैक्सन के आगमन के दिन के बारे सवाल किया। इतना ही नहीं, उन्होंने सोनाली से उस दौरान नौवारी साड़ी पहनने के बारे में भी काफी कुछ पूछा। हाल ही में सोनी मराठी के शो 'कौन होनार करोड़पति' में अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे शामिल हुईं। इस ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड में भाग लेते हुए उन्होंने पॉप आइकन माइकल जैक्सन के भारत की पहली यात्रा को याद किया। सोनाली बेंद्रे ने मराठी क्विज शो 'कौन होनार करोड़पति' में दिवंगत पॉप सिंगर से जुड़ी याद शेयर की। उन्होंने बताया की उस समय माइकल से मिलने से ज्यादा उन्हें नौवारी साड़ी पहनने का उत्साह था। उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो, मैं उनकी इतनी बड़ी प्रशंसक नहीं थी। उन्होंने मुझसे कहा कि वह इस के लिए मराठी लड़कियों को लेना चाहते हैं। और उस समय, मुझे अपने दोस्तों और परिवार के लिए मुफ्त टिकट मिले थे।'



द लीजेंड ऑफ हनुमान 7 का ट्रेलर रिलीज

रौद्र रूप में लौट रहे अंजनी पुत्र

वह महान कथा फिर से लौट आई है और इस बार दांव पहले से कहीं ज्यादा बड़ा है। जियो हॉटस्टार ने 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जो इसकी सबसे पसंदीदा फ्रैंचाइजी में से एक की वापसी का संकेत है और यह अब तक का सबसे बड़ा चैप्टर है।



नई दिल्ली। 23 अक्टूबर से जियो हॉटस्टार पर 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 देख सकते हैं। इसमें हनुमान समय के पार एक सफर पर निकलते हैं ताकि वे अपनी दैवीय शक्ति की असली हद को जान सकें। नया सीजन लंका की लड़ाई को सबसे मुश्किल दौर में ले जाता है, जहां रावण अपने अब तक के सबसे भयानक रूप में सामने आता है। जब वानर सेना निराशा में घिर जाती है, तो हनुमान उस एक हथियार की तलाश में निकलते हैं जो रावण का हमेशा के लिए अंत कर सके। आखिरी हथियार की तलाश के तौर पर शुरू हुआ यह सफर जल्द ही हनुमान को युद्ध के मैदान से दूर और अलग-अलग युगों में ले जाता है - भगवान राम के भूले-बिसरे अतीत और मृत्यु के राज्य तक। इस सफर में, उन्हें एक ऐसा राज पता चलता है जो सब कुछ बदल देगा। शानदार एक्शन के साथ भावना, आस्था और दोस्ती का मेल, सीजन 7 हनुमान की यात्रा में एक दमदार नया अध्याय जोड़ता है, क्योंकि रावण के अंत की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 का प्रीमियर 23 अक्टूबर को जियो हॉटस्टार पर होगा। शरद केलकर रावण की आवाज के तौर पर लौट रहे हैं और एक बार फिर इस खतरनाक विलेन को अपनी खास आवाज दे रहे हैं। सीरीज में वापसी के बारे में बात करते हुए शरद केलकर ने कहा, 'मुझे 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' का हिस्सा बनकर बहुत मजा आया है, यह शो हमारी पौराणिक कथाओं की कुछ सबसे सदाबहार कहानियों को जीवंत करता है। शरद देवराजन, जीवन जे. कांग और चारुवी अग्रवाल द्वारा बनाई गई 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7, सीरीज की खास एनिमेशन स्टाइटल और विशाल

77 साल की उम्र में माता पार्वती बनकर हेमा ने जीता दिल

हेमा मालिनी को बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल कहा जाता है। उनकी सुंदरता का आज भी कोई सानी नहीं है। यही वजह है कि 77 साल की उम्र में हेमा मालिनी ने मां पार्वती बनकर सभी को सरप्राइज किया। हेमा मालिनी ने 11 अक्टूबर को हैदराबाद में नवरात्रि सेलिब्रेशन के तहत अपना मशहूर डांस प्रोग्राम 'दुर्गा' पेश किया। उन्होंने 'क्लासिक कन्वेंशन सेंटर' में अग्रवाल समाज, तेलंगाना के 'आगरा डांडिया नवरात्रि' उत्सव के दौरान यह परफॉर्मेंस दी, जिसमें महाराजा अग्रसेन जयंती भी मनाई गई।

नई दिल्ली। हेमा ने इंस्टाग्राम पर परफॉर्मेंस की तस्वीरें और एक वीडियो शेयर किया, जिसमें इस भव्य प्रोडक्शन की झलक देखने को मिली। एक तस्वीर में, वह माता पार्वती के रूप में तैयार नजर आईं और उनके साथ भगवान का किरदार निभाने वाले एक एक्टर भी थे। इन तस्वीरों में उन पौराणिक किरदारों की झलक मिली जिन्हें उनके डांस परफॉर्मेंस के जरिए एक साथ लाया गया था। यह परफॉर्मेंस नवरात्रि के पहले दिन हुई थी। अपनी परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हुए, हेमा मालिनी ने इस शुभ मौके पर अपनी वीडियो शेयर करते हुए खुशी जाहिर की। अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'कल शाम मैंने तेलंगाना के अग्रवाल समाज के 'आगरा डांडिया नवरात्रि सेलिब्रेशन' के लिए क्लासिक कन्वेंशन सेंटर में परफॉर्मेंस दी।' यह मौका 11.10.2026 को महाराजा अग्रसेन जयंती के साथ भी जुड़ा था। नवरात्रि के पहले दिन अपने सबसे मशहूर बैले 'दुर्गा' को पेश करना बहुत प्यारा और खास अनुभव था, और मैंने सच में खुद को बहुत सौभाग्यशाली महसूस किया।' अपने शानदार फिल्मी करियर के अलावा, हेमा मालिनी भरतनाट्यम से भी गहराई से जुड़ी रही हैं।



तुलसीदास से लेकर खाटू श्याम तक, 10 बड़ी फिल्मों पर दांव

हनुमान अंश के बाद सिनेमा में आएगा आस्था का सैलाब

नई दिल्ली। हनुमान अंश की सफलता ने फिल्म इंडस्ट्री में डिवोशनल फिल्म को लेकर क्रेज बढ़ा दिया है। वहीं, दर्शक भी इस तरह की फिल्मों को काफी पसंद कर रहे हैं और इसीलिए 2026 और 2027 में 10 डिवोशनल फिल्मों पर मेकर्स दांव लगाने जा रहे हैं जिन्हें लेकर 'हनुमान अंश' जैसी सफलता की उम्मीद की जा रही है।

डिवोशनल फिल्मों पर दांव लगा रहे फिल्ममेकर्स

नीम करोली बाबा के जीवन पर फिल्म के बाद अब आने वाले कुछ महीनों में डिवोशनल व्यक्तित्वों पर फिल्में आ रही हैं जिनमें गोस्वामी तुलसीदास, सांई बाबा, खाटू श्याम शामिल हैं। अपकमिंग डिवोशनल फिल्मों का ये सिलसिला रामायण: पार्ट 1 से शुरू होगा और इसके बाद लगभग 10 फिल्में और रिलीज होंगी।

'हनुमान अंश से कृष्णावतरम' ने किया करोड़ों में कारोबार

पिछले कुछ सालों में कांतारा, महावतार नरसिम्हा, कृष्णावतारम-जैसी फिल्मों की सफलता ने साबित किया है कि दर्शकों को इस तरह का कंटेंट पसंद है। इन सभी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रॉफिट कमाया और अब यही उम्मीद आने वाली डिवोशनल फिल्मों से की जा रही है।



गानों ने भी मचाया धमाल

डिवोशनल फिल्मों के साथ-साथ लोगों को इनके गाने भी खासे पसंद आए हैं। हनुमान अंश का पार्वती गाना आते ही सोशल मीडिया पर छा गया था वहीं यूट्यूब पर अब तक इसके 120 मिलियन व्यूज हो गए हैं। इसके अलावा कृष्णावतारम के सभी गाने शानदार थे वहीं 'कांतारा' का कर्मा सॉन्ग अब भी सोशल मीडिया रील्स में ट्रेंडिंग है।

क्यों सफल हुईं डिवोशनल फिल्में?

इस सवाल का सीधा जवाब है इस तरह के कंटेंट से दर्शकों का सीधा जुड़ाव। भारत का कल्चर ही इसकी पहचान है और एक बड़ी जनसंख्या भगवान में आस्था रखती है और इसीलिए डिवोशनल व्यक्तित्व से जुड़े इतिहास और कहानी में दर्शकों की खास रुचि है क्योंकि इसे वे अपने आप से जुड़ा हुआ पाते हैं।

हनुमान अंश ने दुनियाभर में कमाए 400 करोड़

सिर्फ 2 करोड़ रुपए बजट में बनी 'हनुमान अंश' ने वर्ड ऑफ माउथ के दम पर तीसरे हफ्ते से कमाई की रफ्तार पकड़ी थी। फिल्म को थिएटर्स में चलते हुए 2 महीने से ज्यादा हो गए हैं और इसने नेट इंडिया कलेक्शन में 300 करोड़ रुपए और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है।

2027 में रिलीज होंगी 10 डिवोशनल फिल्में

- **रामायण: पार्ट-** नवंबर 2026
- **वाल्मिकी रामायण-** 2026 (संभावित)
- **तेरा साईं-** फरवरी 2027
- **चिरंजीवी हनुमान: द इटरनल-** फरवरी 2027 (संभावित)
- **हारे का सहारा बाबा खाटू श्याम हमारा-** 2027
- **कृष्णावतारम पार्ट 2-** 2027 में संभावित
- **महावतार परशुराम-** दिसंबर 2027
- **राम बोला-** 2027 में फ्लोर पर आएगी
- **हनुमान अंश 2-** अनाउंस नहीं हुई है।

किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं

विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें अधिकारी एवं ठेकेदार: रमेश

स्ट्रीट लाइट व सड़क मरम्मत कार्य का नपा प्रधान ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी ने मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर साफ-सफाई व्यवस्था, सड़कों पर चल रहे पैचवर्क तथा मुख्य मार्गों पर लगाई जा रही नई स्ट्रीट लाइटों के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने तथा निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी ने सर्वप्रथम शहर की ऑटो मार्केट में पहुंचकर मुख्य सड़क एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शहर की प्रमुख सड़कों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थानों पर नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा सड़क किनारे जमा मिट्टी, कूड़ा-कचरा एवं अन्य गंदगी को समय पर हटाया जाए, ताकि आमजन एवं दुकानदारों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके उपरांत उन्होंने पुराने महिला विंग कॉलेज के सामने सड़क पर चल रहे पैचवर्क कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिए कि सड़क पर बने गड्ढों को उचित तकनीक एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री से भरा जाए, ताकि सड़क लंबे समय तक सुरक्षित एवं सुचारु बनी रहे। उन्होंने कहा कि सड़क मरम्मत कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ हीं नगर पालिका प्रधान ने शहर की मुख्य सड़कों पर लगाई जा रही नई स्ट्रीट लाइटों के कार्यों की प्रगति का भी जायजा लिया।



महेंद्रगढ़। कार्यों का निरीक्षण करते प्रधान रमेश सैनी। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ठेकेदार नवीन खुडाना, पार्षद अशोक सैनी, कमल सैनी, कैलाश सैनी, राजेश सैनी, राहुल, नरेन्द्र यादव, सूरत सिंह यादव, विनय यादव, पवन फोटोस्टेट वाले सहित अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

लगाई जा रही हैं 600 स्ट्रीट लाइटें

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं है, वहां प्राथमिकता के आधार पर स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएं। प्रधान रमेश सैनी ने कहा कि नगर पालिका द्वारा शहर में 600 नई स्ट्रीट लाइटें लगाने का कार्य शुरू करवाया गया है। प्रथम चरण में शहर की प्रमुख सड़कों, बाजारों एवं मुख्य मार्गों को रोशन किया जाएगा। इसके बाद विभिन्न वार्डों एवं गलियों में आवश्यकता के अनुसार स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का मुख्य उद्देश्य शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण, गड्ढामुक्त सड़कें, बेहतर प्रकाश व्यवस्था एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। शहर के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। रमेश सैनी ने कहा कि महेंद्रगढ़ शहर का सर्वांगीण विकास और आमजन की समस्याओं का समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारा प्रयास है कि आने वाले समय में शहर की सफाई, सड़क एवं प्रकाश व्यवस्था में व्यापक सुधार दिखाई दे। विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा।

हमीदपुर में खंड स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी

नारनौल। खंड शिक्षा अधिकारी पवन कुमार भारद्वाज के दिशानिर्देशन में एनसीईआरटी के तत्वावधान तथा कोरिडेनेटर डॉ. जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में राजकीय स्कूल हमीदपुर में खंड स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार व पूर्व मुख्य अध्यापक हरिराम वशिष्ठ मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता मुख्याध्यापक अजय कुमार ने की। इवेंट प्रबंधक धर्मसिंह ने प्रतिभागियों को नियमों से अवगत करवाया। प्रर्दशनी में खंड के स्कूलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। मौके पर डीएसएस रविंद्र कुमार, प्रवक्ता विक्रम सिंह, राजकुमार, चरण सिंह, कुलदीप शर्मा, प्रवक्ता धर्मसिंह, मनीषा, सत्यपाल, विक्रम, लोकेश, श्रीभगवान, प्रहलाद, भूपेंद्र बलवान, ललित, रविंद्र, ओमप्रकाश, हुकमचंद, बलवान, नरेश, रामगोपाल, विनीत, जितेंद्र, संदीप, मोहनलाल, नवीन, रोशनलाल, सुरेश कुमार, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

प्रभु श्रीराम का वनवास देख छलक उठीं श्रद्धालुओं की आंखें

श्री कृष्णा ड्रामेटिक क्लब के रंगमंच पर श्रीरामलीला के छठे दिन कोपभवन भाग-2 तथा दशरथ-कैकेयी संवाद का हुआ भावपूर्ण मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर की अनाज मंडी स्थित श्री कृष्णा ड्रामेटिक क्लब के रंगमंच पर भगवान नारायण सेवा संस्था की ओर से आयोजित श्रीरामलीला के छठे दिन कोपभवन भाग-2 तथा दशरथ-कैकेयी संवाद की भावपूर्ण लीला का मंचन किया गया। कैकेयी द्वारा राजा दशरथ से भरत के लिए राजगद्दी और भगवान श्रीराम के लिए 14 वर्ष का वनवास मांगने का दृश्य इतना मार्मिक रहा कि दर्शकों की आंखें नम हो गईं। शुभारंभ श्यामलाल सैनी चेयरमैन जीआईसीई कंप्यूटर सेंटर, रामोतार सैनी प्रिंसिपल गुरु गोविंद सिंह स्कूल, महेंद्र शर्मा एवं सुरेंद्र पंडित खटौटी नेकिया। मंच संचालन भारत भूषण तायल ने किया। रामलीला कमेटी के संरक्षक वेदप्रकाश सैनी व रामलीला प्रवक्ता सुरेंद्र जैन ने बताया कि कोपभवन के दृश्य में कैकेयी और राजा दशरथ के बीच हुए संवाद ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस पर कैकेयी ने भरत को राजगद्दी देने और भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास देने की मांग रखी। कैकेयी की बात सुनकर राजा दशरथ स्तब्ध रह गए। एक ओर पुत्र राम के प्रति उनका अपार स्नेह था तो दूसरी ओर रघुकुल की मर्यादा उनके सामने थी। 'रघुकुल रीति सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाए' की मर्यादा निभाते हुए दशरथ ने कैकेयी को दिए वचन को पूरा करने का निर्णय लिया। राम के वनवास की बात कहते-कहते दशरथ भावनाओं से गए और मूर्छित होकर गिर पड़े।इस अवसर पर राम की भूमिका अरविंद गर्ग, लक्ष्मण की मनोज निर्मल, सीता की विवेक शर्मा, दशरथ की अरविंद गर्ग, कैकेयी की अभिषेक सोनी, कौशल्या की जगदीश बिल्ला तथा सुमंत की भूमिका दीपक कोहली ने निभाई। इस मौके पर ड्रेस इंचार्ज जोगिंदर शर्मा, ध्रुव वर्मा, कनिष्क कोहली, अरविंद सैनी, मेकअप मैन दीपक सैन, दयानंद सैनी, नरेश तायल, शुभम सोनी, संजय वर्मा, हर्ष स्टूडियो के फोटोग्राफर, वीरेंद्र साउंड, राजोरिया टेंट हाउस सहित विजय जैन, प्रेमचंद गुलाटी, सत्यनारायण भगत, रतनलाल, हरप्रसाद, होशियार, मुकेश शर्मा, विशन सैनी, शंकरलाल सैनी, रामकिशोर अग्रवाल, देवकी सैनी, विकास बड़ेसरा, रोणी बाजवा, वासुदेव सिंघल व नवीन सिंघल मौजूद रहे।



नारनौल। रामलीला में मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

सीता स्वयंवर का हुआ मंचन



मंडी अटेली। झंडा चौक पर श्री शिव रामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला के सातवें दिन सीता स्वयंवर और श्रीराम-सीता विवाह का मंचन किया गया। इस दृश्य के साथ ही श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाकर खुशी जाहिर की। इसके बाद सीता ने श्रीराम को वरमाला पहनाई और विवाह का मंचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान दशरथ की भूमिका सुनील वकील, राजा जनक की भूमिका प्रमोद रोहिल्ला, सामंत की भूमिका विकास सोनी ने निभाई। इस मौके पर रामलीला अटेली क्लब के पूर्व प्रधान विजय मुद्गिल, विजयपाल रोहिल्ला सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सीता स्वयंवर व लक्ष्मण-परशुराम संवाद का हुआ मंचन



नारनौल। श्री दुर्गा रामलीला सेवा समिति की ओर से आयोजित रामलीला के तीसरे दिन सीता स्वयंवर तथा लक्ष्मण-परशुराम संवाद की लीला का प्रभावशाली मंचन किया गया। शिव धनुष टूटने के दृश्य के दौरान पूरा रामलीला परिसर 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठा। दर्शकों ने उत्साहपूर्वक जयघोष करते हुए कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। लीला के दौरान भगवान राम द्वारा शिव धनुष तोड़ने के बाद धनुष टूटने की आवाज सुनकर परशुराम क्रोधित होकर स्वयंवर स्थल पर पहुंचे। इसके बाद लक्ष्मण और परशुराम के बीच तीखा संवाद हुआ। दोनों के बीच हुए संवाद और अभिनय ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। रामलीला में परशुराम की भूमिका सुरेंद्र जेई, जनक की भूमिका प्रवीण सैन, विश्वामित्र की भूमिका राजकुमार गोडवाल, रावण की भूमिका शशिकांत वर्मा, बाणासुर की भूमिका कुलदीप सैनी, राम की भूमिका योगेश सैनी तथा लक्ष्मण की भूमिका रवि सैनी ने निभाई। कार्यक्रम में पूजा अस्पताल से डॉ. दिनेश शर्मा व डॉ. उषा शर्मा मुख्य अतिथि रहे। मंच संचालन जयसिंह सैनी ने किया। इस मौके पर सत्यप्रकाश नंबरदार, सरपंच रमेश कुमार, स्वामी मोहर सिंह सैनी, मदनलाल वर्मा, किशनलाल जोशी, वीरेंद्र शर्मा, कमल सैनी, मोहनलाल सोनी आदि मौजूद रहे।

श्री आदर्श रामलीला में धनुष यज्ञ की लीला देख दर्शक हुए भावुक



महेंद्रगढ़। श्री आदर्श रामलीला कमेटी के शक्तिपीठ रंगमंच पर धनुष यज्ञ की लीला का प्रभावशाली मंचन किया गया। लीला के दौरान डालू सिंह चेयरमैन मुख्य अतिथि रहे, अध्यक्षता स्वयंसेवी संस्था के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. मनोज गौतम, जबकि पूर्व पार्षद एवं युवा इंकलाब संगठन के अध्यक्ष कुलदीप यादव सुरजनवास विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। एडवोकेट दिनेश, डालू सिंह, मास्टर महाबीर, छाजूराम और मास्टर संजय को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मान दिया गया। सीता स्वयंवर में जब एक-एक कर राजा शिवधनुष उठाने में असफल रहे तो राजा जनक की व्याकुलता और उनके निराशाजनक उद्गारों ने सभा का माहौल गंभीर कर दिया। जनक की पीड़ा सुनकर लक्ष्मण आगबबूला हो उठे और उनके ओजस्वी संवादों ने दर्शकों में जोश भर दिया। वहीं, शिवधनुष टूटने के बाद परशुराम की गर्जना, उनकी ललकार और लक्ष्मण के साथ तीखे संवादों ने रंगमंच पर रोमांच पैदा कर दिया।

भूरा भवानी मंदिर सिसोठ में मां चंद्रघंटा की हुई पूजा-अर्चना

महेंद्रगढ़। शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन सिद्ध पीठ मां भूरा भवानी मंदिर सिसोठ धाम में मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मंदिर के महंत शक्तिनाथ महाराज ने बताया कि नवरात्र के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की आराधना का विशेष महत्व है। माता की आराधना ओम देवी चंद्रघंटायै नमः मंत्र का जाप करके की जाती है। माता को सिंदूर, अक्षत, गंध, धूप और पुष्प अर्पित किए जाते हैं। मंदिर कमेटी प्रधान संदीप यादव व प्रेस सचिव मुकेश चौहान ने बताया कि नवरात्र के दौरान महंत शक्तिनाथ महाराज के सानिध्य में मंदिर में प्रतिदिन सुबह-शाम आरती व सुबह नौ बजे हवन किया जा रहा है। सिद्ध पीठ मां भूरा भवानी के दरबार में अखंड ज्योत जल रही है। सुबह-शाम सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पूजा-पाठ के लिए पहुंच रहे हैं।



मां चामुंडा देवी के दरबार में उमड़े भक्त

नारनौल। शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन मां भगवती चामुंडा देवी के मंदिर में श्रद्धालुओं ने मां के दिव्य दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। नवरात्र के चलते मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सुबह से ही दर्शन के लिए भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। दर्शन के लिए महिलाओं और बच्चों की कतारें लगी रहीं तथा श्रद्धालु बारी-बारी से मां के दरबार में शीश नवाते नजर आए। मंदिर के पुजारी पंडित सत्यनारायण पांडे ने बताया कि नवरात्र में मां भगवती की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ मां के दर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मां के दरबार में आने वाले भक्तों को आध्यात्मिक शांति मिलती है। मंदिर में प्रतिदिन शाम साढ़े सात बजे महाआरती की जाती है, जिसमें श्रद्धालु शामिल होकर मां की आराधना करते हैं। नवरात्र के अवसर पर मंदिर में दर्शन-पूजन के साथ भजन-कीर्तन का क्रम भी जारी है। मां के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज रहा है और श्रद्धालु भक्तिभाव से पूजा-अर्चना कर रहे हैं।





ताड़का वध का मंचन देख लगाए जयकारे

महेंद्रगढ़। श्री रामलीला परिषद के शक्तिपीठ रंगमंच पर सोमवार को चतुर्थ रजनी में ताड़का वध लीला का मंचन हुआ। ऋषि विश्वामित्र के यज्ञ में राक्षसी ताड़का और उसके साथियों द्वारा विघ्न डालने पर विश्वामित्र महाराज दशरथ से राम-लक्ष्मण को मांग कर लाते हैं। वन मार्ग में भगवान श्री राम द्वारा अहिल्या का उद्धार किया जाता है और अंत में एक ही दिव्य बाण से राक्षसी ताड़का का वध कर आश्रम को भयमुक्त किया जाता है। अत्याधुनिक मंच सज्जा, लाइट और ध्वनि प्रभाव के बीच कलाकारों के सजीव अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ताड़का के भयानक स्वरूप और श्री राम के पराक्रम के दृश्य को दर्शकों ने खूब सराहा। बड़ी संख्या में उपस्थित धर्मप्रेमी जनता ने जय श्री राम के जयकारों से पूरे पंडाल को गुंजायमान कर दिया।



यदुवंशी शिक्षा निकेतन में सम्मान समारोह

महेंद्रगढ़। यदुवंशी शिक्षा निकेतन में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की एनडीए की परीक्षा में 17 विद्यार्थियों की शानदार सफलता प्राप्त कर उन्हें सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय परिसर से महेंद्रगढ़ शहर तक भव्य रोड शो निकाला गया। सफलता प्राप्त विद्यार्थियों में सौरभ शर्मा पुत्र सज्जन कुमार, तनुश पुत्री संत लाल, निर्देश पुत्र विजय कुमार, आर्यन पुत्र देवेंद्र सिंह, विराट पुत्र उदयवीर, शुभम पुत्र संदीप, रितेश श्योराण पुत्र कृष्ण कुमार, सोनू पुत्र राजबीर, राहुल पुत्र अजीत सिंह, नितेश पुत्र बनी सिंह, तरुण पुत्र सतीश कुमार, प्रिंस पुत्र सुनील कुमार, केशव शर्मा पुत्र हरीशचंद्र शर्मा, शुभम पुत्र विरेन्द्र सिंह, भव्या पुत्री ब्रजमोहन शर्मा, प्रियांशु गनवाल पुत्र हरीश यादव, विधि पुत्री सुनील कुमार शामिल रहे। यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि आज का दिन यदुवंशी शिक्षा निकेतन के लिए अत्यंत गर्व और प्रसन्नता का दिन है। निदेशक विजय सिंह यादव ने कहा कि यदुवंशी शिक्षा निकेतन विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा के संस्कार प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव ने सभी सफल विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए शुभकामनाएं दीं।

ओम साईंराम स्कूल के दो खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड

महेंद्रगढ़। हरिद्वार में नौ से 11 अक्टूबर तक आयोजित ओपन कराटे चैंपियनशिप में श्री ओम साईंराम एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के दो होनहार खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल और अपने शहर का नाम रोशन किया। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से स्कूल में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में जानवी यादव पुत्री प्रदीप कुमार ने अंडर-14 आयु वर्ग के 50 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं अयांश पुत्र दिनेश कुमार ने अंडर-10 आयु वर्ग के 30 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। स्कूल में पहुंचने पर एक सम्मान समारोह हुआ, जिसमें दोनों विजेता खिलाड़ियों को स्कूल मैनेजमेंट की ओर से सम्मानित किया गया।





आरपीएस कॉलेज में विशेषज्ञ व्याख्यान

महेंद्रगढ़। आरपीएस डिग्री कॉलेज के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा 13 अक्टूबर को राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं प्राणीशास्त्र में भविष्य की संभावनाएं विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान हुआ। यह कार्यक्रम कॉलेज के पीजी ब्लॉक स्थित सेमिनार हॉल में सुबह 11 बजे आयोजित किया गया। इस सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय महाविद्यालय सतनाली के प्राणीशास्त्र विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. जगजीत सिंह उपस्थित रहे। डॉ. सिंह ने विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के तहत प्राणीशास्त्र के क्षेत्र में उभरते नए अवसरों, करियर विकल्पों तथा शोध की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उनके प्रश्नों के उत्तर दिए। संस्थान चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर व्यावहारिक और बहुविषयक दृष्टिकोण प्रदान करती है।

विश्वविद्यालय के टॉप 10 में अकेले यदुवंशी कॉलेज के छह विद्यार्थी



महेंद्रगढ़। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा कला संकाय द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने टॉप 10 सूची में छह स्थानों पर कब्जा किया। इस परीक्षा परिणाम में साक्षी पुत्री करण सिंह ने पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम, यामा पुत्री संदीप ने दूसरा, तनु पुत्री प्रदीप कुमार ने तीसरा, पूजा पुत्री सुरेंद्र कुमार ने पांचवा, खुशी पुत्री विजयवीर ने छठा स्थान तो वहीं कविता पुत्र सतेंद्र ने दसवां स्थान हासिल करके न केवल अपना नाम रोशन किया, बल्कि अपने माता-पिता के साथ-साथ यदुवंशी कॉलेज का भी नाम रोशन किया। संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कला संकाय के सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की टॉप 10 सूची में स्थान बनाना अपने आप में गर्व की बात है और यह हम सबके लिए खुशी की बात है कि 10 स्थानों में छह स्थानों पर अकेले यदुवंशी का कब्जा है। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, सीईओ तनिश राव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉक्टर प्रदीप यादव, यदुवंशी कॉलेज प्राचार्य बबरूभान ने भी सभी छात्रों को बधाई दी।

नवरात्रों में घर-घर हो रही माता की चौकी



मंडी अटेली। शारदीय नवरात्रों के मौके पर मां भगवती कीर्तन मंडली अटेली मंडी की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशेष धार्मिक पहल की जा रही है। मंडली की ओर से पूरे नवरात्रों के दौरान नगरवासियों के घरों पर रात्रि नौ बजे से 12 बजे तक निशुल्क माता की चौकी का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान मां भगवती का भव्य श्रृंगार कर भजन-कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर किया जा रहा है।इसी कड़ी में नवरात्र के तीसरे दिन रमेश चंद एंड संस के निवास स्थान पर भव्य माता की चौकी का आयोजन किया गया।इसमें शहर के भजन गायकों ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। मां भगवती के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता की चौकी में भाग लेकर मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया।

मां की पूजा कर भक्तों ने मांगी सुख-समृद्धि

नारनौल। टाइगर क्लब परिवार की ओर से पुरानी कचहरी मैदान में आयोजित 23वें दुर्गा पूजा महोत्सव में सोमवार रात मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पंडित नारायण शास्त्री व पंडित गगन भारद्वाज ने मुख्य यजमान पवन राज सिंघल व उनकी पत्नी पिस्ता देवी सहित मंडल सदस्यों से पूजा करवाई तथा माता की ज्योति प्रज्वलित की। कार्यक्रम में अटेली के प्रसिद्ध गायक कमलेश सैनी ने गणेश वंदना व माता के भजनों से भक्तों को भाव-विभोर किया। इसके बाद जयपुर से आई गायिका संजू शर्मा ने भजनों की अमृतवर्षा कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। माता के दरबार में प्रसाद की सेवा नवीन यादव पटीकरा की ओर से की गई। टाइगर क्लब के प्रधान राकेश यादव ने नवीन यादव के परिवार को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। वहीं वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट राजकुमार रांता वाले को भी क्लब परिवार की ओर से पटका व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक जयप्रकाश अग्रवाल, सह-संयोजक मनीष गोगिया, सचिव नरेंद्र बंसी, महोत्सव पुरोहित पंडित नारायण शास्त्री, मुख्य यजमान पवन यादव आदि मौजूद रहे।

अगिहार में लगा माता सेढ़ मसानी का मेला

नारनौल। अगिहार गांव में माता सेढ़ मसानी का मेला जागरण और भंडारा आयोजित किया गया। इसमें महिला, पुरुष, युवा, बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। जागरण में मैंया रानी के भजनों पर श्रद्धालु खुब झूमें। प्रमुख समाजसेवी बसपा नेता अतरलाल एडवोकेट ने माता सेढ़ मसानी की पूजा अर्चना कर जागरण का शुभारम्भ किया। मेला कमेटी सदस्यों ने मुख्य अतिथि अतरलाल व अतिथिगण का पटका पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने माता रानी का भव्य, दिव्य दरबार सजाने और विशाल मेला जागरण और भंडारा आयोजित करने के लिए माता सेढ़ मसानी कमेटी तथा गाम राम का धन्यवाद किया। प्रसिद्ध गायक कलाकार मनीषा यादव और अंजू सावंरिया के भजनों पर श्रद्धालुओं ने भाव विभोर होकर माता के जयकारे लगाए।

भाषण प्रतियोगिता में अक्षरा प्रदेश में प्रथम, कालिंद पेंटिंग में दूसरे व कशिश तीसरे स्थान पर रही

राज्य स्तरीय स्पर्धा में महेंद्रगढ़ के 3 विद्यार्थियों ने मारी बाजी

सेवा संकल्प अभियान के तहत पानीपत स्थित आर्य पीजी कॉलेज में हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सेवा संकल्प अभियान के तहत पानीपत स्थित आर्य पीजी कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिताओं में जिला महेंद्रगढ़ के तीन विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है।

प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कुल 288 विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इनमें महेंद्रगढ़ जिले की छात्रा अक्षरा ने भाषण प्रतियोगिता में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कालिंद ने पेंटिंग प्रतियोगिता में दूसरा और कशिश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कौशिश ने बताया कि नांगल चौधरी रोड स्थित एचपीएस स्कूल की छात्रा अक्षरा पुत्री पंकज कुमार ने कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के ग्रुप की भाषण प्रतियोगिता में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अक्षरा की इस उपलब्धि से स्कूल और जिले में खुशी का माहौल है। इसी प्रकार यदुवंशी शिक्षा निकेतन के छात्र कालिंद पुत्र पवन कुमार ने कक्षा नौवीं से 12वीं तक के ग्रुप की पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ की छात्रा कशिश पुत्री अर्जुन ने कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के ग्रुप की पेंटिंग प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। डॉ. विश्वेश्वर कौशिश ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सम्मानित करेंगे। उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन के दम पर प्रदेश स्तर पर जिले को गौरवान्वित किया है।

शानदार प्रदर्शन कर विद्यार्थियों ने रोशन किया नाम : अशोक कुमार



अक्षरा

कालिंद

कशिश

डीईईओ अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता तक पहुंचने के लिए विद्यार्थियों को कई चरणों से गुजरना पड़ा। सबसे पहले स्कूल स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके बाद विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तर और फिर जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया था। जिले के तीन विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर उनके अभिभावकों, शिक्षकों और संबंधित स्कूलों में खुशी है। विद्यार्थियों की सफलता को उनकी मेहनत के साथ-साथ स्कूलों में मिल रहे मार्गदर्शन और प्रोत्साहन का परिणाम माना जा रहा है। भाषण और पेंटिंग जैसी रचनात्मक गतिविधियों में विद्यार्थियों की भागीदारी उनके आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति और कलात्मक प्रतिभा को निखारने में भी सहायक है।

डॉ. सुधा को राज्यपाल नियुक्त करने से खुशी



नारनौल। महेंद्रगढ़ की पूर्व सांसद डॉ. सुधा यादव को कर्नाटक का राज्यपाल नियुक्त किए जाने की खबर से खुशी का माहौल है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट राकेश शर्मा ने अपने निवास स्थान पर लड्डू बांटकर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर एडवोकेट राकेश शर्मा ने लड्डू बांटकर खुशी साझा की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष जोगिंद्र राजपूत, जिला सचिव मनीष संधी, मंडल अध्यक्ष हेमंत चौबे, संदीप वर्मा, राजेश शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष मंजू सोनी, जगदीश दीवान, सुरेश गुप्ता, सदाराम यादव, संजय सैनी, मानसिंह, मंडल महामंत्री रमेश जांगिड़, महेश सैनी, एडवोकेट कमल गौड़, डॉ. राजेंद्र, भूषण मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र सोनी, धीरज अग्रवाल, नवीन शर्मा, भरत बौहरा, सरोज कश्यप, सुरेंद्र सोनी, पूर्व प्रधान भगवान दास, गोविंद सैनी व मौसम शर्मा उपस्थिति रहे।

पुलिस की सतर्कता से खुला साइबर ठगी का मामला

3.97 लाख रुपये की धोखाधड़ी में पुलिस ने दो आरोपितों को किया गिरफ्तार

खातों में रकम आई, बदले में नकदी दी...खाते फ्रीज हुए तो खुला खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

साइबर ठगी की रकम सीएससी केंद्र संचालकों के बैंक खातों में ट्रांसफर करवाकर बदले में नकदी लेने के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार के नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान विनय यादव व गितेश, दोनों निवासी गणेशपुरा, थाना खेतड़ी, जिला झुंझुनूं, राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से सिमकार्ड सहित दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार के अनुसार आरोपित पहले सीएससी केंद्र संचालकों के खातों में रकम ट्रांसफर करवाते थे और इसके बदले संचालकों से नकदी ले लेते थे। संचालकों को इस रकम के साइबर ठगी से जुड़ी होने का पता तब चला, जब उनके बैंक खातों पर होल्ड लग गया और खाते डेबिट फ्रीज कर दिए गए।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि

तीन सीएससी संचालकों से तीन लाख 97 हजार 650 रुपये की धोखाधड़ी सामने आई

बेवल और भोजावास के तीन सीएससी केंद्र संचालकों से कुल तीन लाख 97 हजार 650 रुपये की धोखाधड़ी सामने आई है। बेवल निवासी संजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सात जुलाई को एक युवक उसके सीएससी सेंटर पर आया और मैंस खरीदने के लिए 50 हजार रुपये नकद की जरूरत बताई। उसने केंद्र के क्यूआर कोड पर रकम ट्रांसफर कर दी। खाते में रुपये आने के बाद संजय ने उसे नकदी दे दी। इसके बाद युवक ने दोबारा संपर्क किया और सात व आठ जुलाई को अलग-अलग लेनदेन के माध्यम से कुल दो लाख 62 हजार 930 रुपये नकद ले गया। बाद में संजय को किसी अन्य व्यक्ति को भुगतान करते समय अपना बैंक खाता डेबिट फ्रीज होने का पता चला। बैंक से जानकारी लेने पर सामने आया कि युवक द्वारा ट्रांसफर करवाई गई रकम पर साइबर शिकायतों के चलते होल्ड लगा हुआ था। जाच में सामने आया कि भोजावास के सीएससी संचालक कृष्ण सिंह से 31 हजार रुपये तथा आरआर कम्युनिकेशन की संचालक बबली से एक लाख तीन हजार 720 रुपये भी इसी तरीके से लिए गए थे। तीनों शिकायतों के आधार पर 22 जुलाई को थाना साइबर क्राइम में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तारी

पुलिस टीम ने तीनों केंद्रों के बैंक खातों का रिकॉर्ड जुटाने के साथ संबंधित मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल और ग्राहक विवरण खंगाला। समन्वय पोर्टल पर जांच के दौरान इन बैंक खातों से संबंधित कुल नौ साइबर शिकायतें भी सामने आईं। पुलिस ने घटना के समय बेवल स्थित सीएससी सेंटर की सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर उसका साक्ष्यों से मिलान किया। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने विनय यादव को गिरफ्तार किया। पूछताछ एवं आगे की जांच में गितेश की संलिप्तता सामने आने पर उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों के मोबाइल फोन और डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि ठगी की रकम का नेटवर्क कितना बड़ा है और इसमें अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं। दोनों आरोपितों को 12 अक्टूबर को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने गितेश से पूछताछ तथा रकम और अन्य साक्ष्यों की बरामदगी के लिए दो दिन की पुलिस हिरासत मांगी, जबकि विनय यादव को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का अनुरोध किया गया है। मामले की जांच जारी है।

अधिकारियों को सौंपा जनगणना का जिम्मा

नारनौल। जनगणना के दूसरे चरण की तैयारियों को लेकर मंगलवार को लघु सचिवालय में उपायुक्त अनुपमा अंजली के मार्गदर्शन में दो दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का आयोजन जिला जनगणना नोडल अधिकारी डॉ. मंगल सेन के नेतृत्व में किया जा रहा है। इसमें जिले के सभी इंचार्ज अधिकारियों सहित जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी भाग ले रहे हैं। सीटीएम ने बताया कि दूसरे चरण की जनगणना अगले साल जनवरी से शुरू होगी। कार्यशाला का उद्देश्य दूसरे चरण की तैयारियों को बेहतर बनाना, अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण देना और पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित व प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए जरूरी जानकारी उपलब्ध करवाना है।

2300 रुपये पर सरकारी खरीद को तरसे किसान, फिर 2416 तक पहुंचा निजी बाजरे का भाव

हैफेड से किसानों ने फेरा मुंह, व्यापारियों को बेचा लगभग 84 हजार क्विंटल बाजरा

हैफेड अब तक महज 199.5 क्विंटल बाजरा खरीद पाई

राजकुमार ⏭ नारनौल

बाजरा खरीद के सीजन में नारनौल की अनाज मंडी में सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड और निजी व्यापारियों की खरीद के बीच जमीन–आसमान का बड़ा अंतर सामने आया है। हैफेड अब तक महज 199.5 क्विंटल बाजरा खरीद पाई है, जबकि निजी व्यापारियों की खरीद करीब 84,866 क्विंटल तक पहुंच गई है। इसकी प्रमुख वजह सरकारी खरीद भाव और निजी बाजार के भाव में अंतर है।

हैफेड जहां 2,300 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर बाजरा खरीद रही है, वहीं निजी व्यापारियों के यहां भाव 2,300–2416 रुपये तक पहुंचा है। ऐसे में किसानों ने सरकारी खरीद के बजाय निजी व्यापारियों को बाजरा बेचना अधिक फायदे का सौदा समझा। मंगलवार को मंडी में 599 गेट पास कटे और करीब 16,600 क्विंटल बाजरे की आवक हुई। नांगल चौधरी रोड पर जल महल के समीप स्थित अनाज मंडी में बाजरे की खरीद एक अक्टूबर से शुरू हुई थी। शुरुआती दिनों में खरीद की रफ्तार धीमी रही और किसानों को अपनी उपज बेचने में परेशानी का सामना करना पड़ा। हैफेड की ओर से बाजरे को एफएक्यू यानी उचित औसत गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप नहीं मानते हुए खरीद से अलग किया जा रहा था। बाद में निजी व्यापारियों ने बाजरे के भाव बढ़ाने शुरू किए। व्यापारियों ने 2,350 रुपये या इससे अधिक भाव पर खरीद की तो किसानों का रुझान उनकी ओर बढ़ गया। मंगलवार को बाजरे का भाव 2,335 से 2,372 रुपये प्रति क्विंटल तक रहा।

इस तरह निजी बाजार में बेहतर भाव मिलने के कारण हैफेड की खरीद सीमित रह गई। हैफेड के खरीद मैनेजर डॉ. योगेश शेखावत ने भी माना कि अब किसानों को व्यापारियों के यहां अधिक भाव मिल रहा है। इसी वजह से वे हैफेड को बाजरा बेचने के बजाय व्यापारियों को अपनी उपज बेच रहे हैं। निजी खरीद में तेजी के साथ मंडी में बाजरे की आवक भी लगातार बढ़ रही है। अब प्रतिदिन करीब 15 से 16 हजार क्विंटल बाजरा मंडी पहुंच रहा है। व्यापारियों की ओर से बड़ी मात्रा में खरीद किए जाने के बावजूद उपज रखने के लिए जगह कम पड़ने लगी है। मंडी के टीनशेड भर चुके हैं और अब बाजरे को सड़कों पर उतारना पड़ रहा है।

हजारों क्विंटल बाजरा खुले आसमान के नीचे पड़ा है। इससे मंडी में भंडारण की समस्या सामने आ रही है। यदि आवक इसी गति से जारी रहती है तो खरीदे गए बाजरे को सुरक्षित रखने के लिए जगह की व्यवस्था करना चुनौती बन सकता है। सरकार ने बाजरे का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,900 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया है। निर्धारित व्यवस्था के तहत पात्र किसानों को 2,300 रुपये प्रति क्विंटल के सरकारी खरीद भाव पर बाजरा बेचने की स्थिति में 600 रुपये प्रति क्विंटल भावांतर राशि का लाभ मिल सकता है। हालांकि, निजी व्यापारियों के यहां 2,350 से 2,416 रुपये तक भाव मिलने के कारण किसान तत्काल बेहतर कीमत देने वाले विकल्प को प्राथमिकता दे रहे हैं।



नारनौल। अनाज मंडी मे किसानों द्वारा लाया गया बाजरा। फोटो : हरिभूमि

पोर्टल पर सत्यापन ने भी किसानों को उलझाया

मंगलवार को मंडी पहुंचे कुछ किसानों को आधार कार्ड का सत्यापन ई-खरीद पोर्टल पर नहीं होने की समस्या का सामना करना पड़ा। कुछ किसानों की फसल का सत्यापन भी लंबित मिला। इसके चलते उन्हें संबंधित अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़े। सत्यापन में देरी को लेकर किसानों में राजस्व और कृषि विभाग के प्रति नाराजगी दिखाई दी। मार्केट कमेटी की कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव नुकुल यादव ने बताया कि कुछ किसानों को आधार सत्यापन और कुछ को फसल सत्यापन से संबंधित परेशानी आई थी। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से बातचीत की गई है और समस्या का जल्द समाधान करवाने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रकार नारनौल मंडी में निजी व्यापारियों के अधिक भाव ने बाजरा खरीद का रुख बदल दिया है। एक तरफ किसान बेहतर कीमत मिलने पर निजी व्यापारियों को उपज बेच रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सरकारी खरीद सीमित रहने और लगातार बढ़ती आवक से मंडी में जगह की समस्या गहराने लगी है।

ये है शेड्यूल

तनाली मंडी में 14 अक्टूबर को नांवा, डिगरोता, सोहड़ी ढाणी, 15 को डालनवास, नांगल माला, सुरहेती जाखल, सुरहेती पिलानिया, सुरहेती मुंडायन, 16 को पथरवा, श्यामपुरा व बासड़ी, 17 को, जो किसान अपना बाजरा नहीं बेच पाए वह आ सकते हैं। इसी प्रकार महेंद्रगढ़ मंडी में 14 अक्टूबर को खातोद, कुक्सी, मालड़ा सराय, बना, आनावास, अकबरपुर, नांगल, बीर जाटवास, 15 को बसई, बलायचा, खातोदड़ा, निहालवास, गागड़वास, देवराली, चामधेड़ा की खरीद होगी।

नांगल चौधरी अनाज मंडी में बाजरे की खरीद के लिए गांवों का शेड्यूल जारी

नांगल चौधरी। अनाज मंडी में बाजरे की फसल बेचने के लिए किसानों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मार्केट कमेटी ने गांव वार खरीद शेड्यूल जारी किया है। निर्धारित शेड्यूल अनुसार 14 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक अलग-अलग गांवों के किसानों का बाजरा खरीदा जाएगा। मार्केट कमेटी के सचिव आदित्य यादव ने बताया कि 14 अक्टूबर को अकबरपुर, सिरोही बहाली, अकोली, अमरपुरा, कांवी, आसरावास, अजमाबाद मोखूता, बखरीज और बमनवास खेता गांव के किसानों की खरीद होगी। 15 अक्टूबर को बामनवास नौ, बनिहाड़ी, बेरुंडला, बायल, मेडंटी, बिहारीपुर, भोजावास, बिगोपुर, बूढ़वाल, 16 अक्टूबर को चेकमलिकपुर, छापड़ा बीबीपुर, छिलरो, दताल, धौलेड़ा, धौंगली, दोस्तपुर, 17 अक्टूबर को 12 से 15 अक्टूबर तक शेष रहे किसानों के लिए बाजरा खरीद की व्यवस्था रखी गई है, जबकि 18 अक्टूबर रविवार को अवकाश रहेगा। इसके बाद 19 अक्टूबर को गंगूताना, गांवड़ी जाट, गोलवा, गोठड़ी, इकबालपुर नांगली, इस्लामपुर, जैनपुर, कालबा, कमानिया, खातोली अहीर, खातोली जाट, खवाजापुर, 20 अक्टूबर को लूजोता, मोरूंड, मेघोत बींजा, मेघोत हाला, भुंगारका, मोहनपुर, मोसमपुर, मूसनोता, मुलोदी, 21 अक्टूबर को नांगल चौधरी, नांगल दुर्गू, नांगल कालिया, नांगल नूनिया, नांगल पीपा, नांगल सोडा, नापला, नारेड़ी, 22 अक्टूबर को नायन, नेहरूनगर, नियामतपुर, नियाजालीपुर, निजामपुर, नोलाजा, पांचनौता, पवेरा, 23 अक्टूबर को रायमलिकपुर, रोपड़, सराय, सैदअलीपुर, शहबाजपुर, सरेली, श्योरामनाथपुरा, शिमली, सिरोही, थनवास, तोताहेड़ी, उदयपुर कटारिया गांवों के किसानों की खरीद निर्धारित की गई है।

न्यूज डायरी



विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करनी चाहिए

सतनाली मंडी। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में विद्यार्थियों को पढ़ाई, करियर और भविष्य को लेकर अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, नियमित दिनचर्या और धैर्य बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहते हुए निरंतर मेहनत करनी चाहिए।



डॉ. सुधा का राज्यपाल बनना गर्व का क्षण

नारनौल। पूर्व सांसद डॉ. सुधा यादव को कर्नाटक का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर गांव नांगल काठा में खुशी का माहौल रहा। पूर्व सरपंच अत्तर सिंह दहिया के निवास पर समर्थकों ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई और इस नियुक्ति को हरियाणा के लिए गौरव का विषय बताया। पूर्व सरपंच अत्तर सिंह दहिया ने कहा कि डॉ. सुधा यादव को राज्यपाल जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना प्रदेश के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में जनसेवा, संगठन के प्रति समर्पण और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी है। उन्हें विश्वास है कि डॉ. सुधा यादव अपने अनुभव और कार्यकुशलता से संवैधानिक दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करेंगी। दहिया ने इस नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार के नेतृत्व का आभार जताया।



युवाओं को सीपीआर की दी जानकारी

नारनौल। अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा रेडक्रॉस भवन में जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में आरटीए मनोज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को आपदा प्रबंधन, सड़क सुरक्षा, सीपीआर तथा प्राथमिक उपचार के प्रति जागरूक करना और आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों की सहायता करने के लिए प्रेरित करना रहा। आरटीए मनोज कुमार ने युवाओं को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षक टेकचंद एवं कौशल ने प्रतिभागियों को बताया कि किसी व्यक्ति के अचानक बेहोश होने, सामान्य रूप से सांस न लेने या हृदय गति रुकने जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर सहायता देना बेहद महत्वपूर्ण होता है।



युवा ग्राम पंचायत से बढ़ेगी लोकतांत्रिक चेतना

नारनौल। विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक चेतना, नेतृत्व क्षमता, तार्किक चिंतन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट महेंद्रगढ़ के तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा पंचायत प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कौशिक के मार्गदर्शन में मंगलवार को प्रतियोगिता के दूसरे दिन खंड नांगल चौधरी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छापड़ा में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रवक्ता डॉ. राकेश यादव व प्राचार्या कमलेश कुमारी ने किया। राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता प्रीतम कुमार ने कार्यक्रम का संयोजन किया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को पंचायत प्रणाली, लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझने का अवसर मिल रहा है।



मीना परमार ने किया स्कूलों का निरीक्षण

मंडी अटेली। हरियाणा राज्य महिला आयोग की वाईस चेयरमैन मीना परमार ने मंगलवार को अटेली खंड के विभिन्न शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण कर छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था, बुनियादी सुविधाओं, आंतरिक शिकायत समिति की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने कांटी और खेड़ी के विद्यालयों के साथ राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की जानकारी ली। दौरे की शुरुआत सुबह साढ़े नौ बजे गांव कांटी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से हुई। यहां मीना परमार ने कक्षाओं में जाकर छात्राओं से पूछा कि उन्हें विद्यालय आते-जाते समय किसी प्रकार की छेड़छाड़ या अन्य परेशानी का सामना तो नहीं करना पड़ता।



महेंद्रगढ़। विद्यालय में हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में नए भवन का उद्घाटन

महेंद्रगढ़। बीआर ज्ञानदीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुरजनवास में नवनिर्मित भवन का उद्घाटन हवन-यज्ञ एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धा और उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। हवन में आहुतियां देकर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, विद्यालय की निरंतर उन्नति तथा क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार की मंगलकामना की गई। इस दौरान विद्यालय ने नई इमारत को संस्थान की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। विद्यालय संस्थापक रामसिंह यादव, चेयरमैन रूपराम यादव तथा निर्देशक राजकुमार यादव के कुशल निर्देशन में विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। नवनिर्मित भवन को आधुनिक शैक्षणिक आवश्यकताओं और सुव्यवस्थित प्रशासनिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। इसमें प्रशासनिक ब्लॉक, कार्यालय व्यवस्था तथा विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए बेहतर सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। संस्थापक रामसिंह यादव, चेयरमैन रूपराम यादव और प्राचार्य रामवीर यादव ने विद्यालय की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और संस्कार प्रदान करने के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य राम अवतार, प्रवक्ता राम अवतार उपस्थित रहे।

छात्राओं को किया सेहत के प्रति जागरूक

नारनौल। राजकीय महिला महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की ओर से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के सहयोग से मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सेमिनार हॉल में छात्राओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह की थीम 'जीवित अनुभव सुने जाएंगे-असली आवाजें, असली बदलाव' रखी गई है। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा मानसिक समस्याओं से जुड़े विषयों पर खुलकर संवाद के लिए प्रेरित करना है।



दंत चिकित्सा मुहैया कराना राव का सराहनीय कदम

नारनौल। नांगल चौधरी रोड स्थित जल महल के समीप अनाज मंडी में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के दिशा-निर्देशन में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार 25 साल सेवा के पूरे होने पर सेवा संकल्प अभियान के तहत एक निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। मार्केट कमेटी के चेयरमैन बाबूलाल यादव ने शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में फसल बेचने पहुंचे किसानों, मजदूरों, व्यापारियों एवं मार्केट कमेटी के कर्मचारियों के दांतों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां, टूथब्रश एवं टूथपेस्ट आदि वितरित किए गए। इस अवसर पर चेयरमैन बाबूलाल यादव ने कहा कि मंडी में किसानों को दंत जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध करवाना स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव की सराहनीय पहल है।

सहगल फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

नारनौल। सहगल फाउंडेशन एवं रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से ग्राम कोथल खुर्द में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक करना तथा जरूरतमंद लोगों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं सहायता प्रदान करना था। शिविर के दौरान कुल 113 ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आवश्यकता के अनुसार लोगों को चिकित्सकीय परामर्श, उपचार एवं निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।

नाली से खुद निकालते हैं कूड़ा, उठाने नहीं पहुंचती नप की गाड़ी

बावड़ीपुर में गंदगी से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

मोहल्ला बावड़ीपुर स्थित वार्ड नंबर 28 में नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से स्थानीय लोग परेशान हैं। नालियों में गंदगी जमा होने और कीड़े पनपने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीनियर सिटीजन एवं अखिल भारतीय जांगिड़ महासभा के संरक्षक कृष्ण अवतार जांगिड़ ने नगर परिषद के अधिकारियों पर बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं करने का आरोप लगाया है। कृष्ण अवतार जांगिड़ के अनुसार, नालियों में जमा गंदगी के कारण कीड़े घरों तक पहुंच रहे हैं और आसपास बीमारी फैलने का भय बना हुआ है। समस्या को लेकर कई बार पार्षदों और नगर परिषद के संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाया गया है। उन्होंने दरोगा, सुपरवाइजर सुमेर सिंह, जेई विकास शर्मा, चेयरपर्सन प्रतिनिधि हिमांशु सैनी और कार्यकारी अधिकारी के समक्ष भी समस्या उठाई, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ।



नारनौल। इंदिरा कॉलोनी में कबीर आश्रम के गेट पर पसरी गंदगी।

कबीर आश्रम के मुख्य द्वार के सामने गंदगी

शहर की इंदिरा कॉलोनी स्थित वार्ड नंबर 15 में कबीर आश्रम के मुख्य द्वार के सामने नाले की सफाई नहीं होने से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नाले में गंदगी जमा होने से दुर्गंध फैल रही है। इससे आसपास बीमारी फैलने और डेंगू व मलेरिया के मच्छर पनपने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह रास्ता आम लोगों के आवागमन के लिए इस्तेमाल होता है। इसके बावजूद नाले की सफाई नहीं होने से लोगों को बदबू और गंदगी के बीच से गुजरना पड़ रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295154800, 8295738500, 9253681005